मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-125
07/03/2019

विश्वविद्यालयों में 200 प्वाइंट रोस्टर सिस्टम पर अध्यादेश लाने को लेकर केन्द्रीय कैबिनेट की मंजूरी पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री को दिया धन्यवाद

पटना, 07 मार्च 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विश्वविद्यालयों में 200 प्वाइंट रोस्टर सिस्टम पर अध्यादेश लाने को लेकर आज केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा मंजूरी दिये जाने का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने इसके लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर को धन्यवाद दिया।

ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पिछले दिनों 200 प्वाइंट रोस्टर सिस्टम लागू करने को लेकर केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री से दूरभाष पर वार्ता भी की थी।

****